Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 40 ▫ रायपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




# महतारी वंदन योजना पर हंगामा, विपक्ष ने किया वॉकआउट



**विधानसभा में बजट सत्र का छठवां दिन**

**रायपुर,** 4 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन की कार्यवाही जारी है. इस दौरान सदन में महतारी वंदन योजना को लेकर जमकर हंगामा हुआ. कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने हितग्राहियों की संख्या में गिरावट को लेकर सवाल खड़े किए. इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए पेंशनधारी महिलाओं को योजना का लाभ न मिलने का आरोप भी लगाया. इस बीच मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने विधानसभा से वॉकआउट कर दिया. प्रश्नकाल के दौरान विधायक उमेश पटेल ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पंजिकृत हितग्राही का मामला सदन में उठाया. उन्होंने पूछा कि क्या वर्तमान में हितग्राहियों की संख्या में कमी आई है? इस योजना में फर्जी नाम से लाभ लेने का मामला भी आया है? ये कहां-कहां संज्ञान में आया है? क्या इसके लिए सत्यापन का कोई नियम है?

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस पर जवाब देते हुए बताया कि प्रथम पंजीयन 20/2/2024 तक कुल 70,27,154 हितग्राही द्वारा किया गया था. पंजीकृत आवेदकों में 69,63,621 हितग्राही पात्र हैं। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों में कमी आई है, लेकिन हितग्राही की मृत्यु होने लाभ त्याग करने और दो आवेदन के प्रकरण या अपात्र होने के कारण आई है। फर्जी नाम से लाभ प्रात होने का मामला बस्तर जिले से प्रात हुआ है. विधायक उमेश पटेल इस मामले में आगे पूछा कि आज की स्थिति में कम लोग हैं आपने जांच कितनी बार कराई और कब कब कराई है? इस पर जवाब देते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि योजना के बारे जो हमने आंकड़ा बताया है इसमें कमी आने का कारण कई लोगों की मृत्यु कई का लाभ त्याग हुआ है. जांच समय-समय पर होती है। डेट उपलब्ध करा दी जाएगी। विधायक उमेश पटेल ने कहा कि कई अपात्र निकले हैं एक मामला बस्तर से प्रात हुआ इसकी जांच कराई गया है क्या? मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि बस्तर जिले के एक गांव में फर्जी नाम से पैसा लिया जा रहा था, जिसमें कार्यवाही कार्यकर्ता पर कार्यवाही की गई थी. यह विषय जब आया तब विभाग ने निर्देशित किया था.

विधायक पटेल ने पूछा आपने जांच कब कराया कोई तारीख? समय-समय पर जांच होते रहते हैं. मामला संज्ञान में आने के बाद भी जांच नहीं हो रही. हितग्राही के लिए इसकी क्राइटेरिया क्या होनी चाहिए? मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि सबसे पहले लाभार्थी आयकरदाता न हो, वर्ग 123 में शामिल न हो, पात्रता श्रेणी के लिए 21 वर्ष या उससे अधिक उम्र हो, शादीशुदा हो, विधवा भी हो सकती है, लेकिन आयकरदाता नहीं होना चाहिए. विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि घोषणा पत्र में केवल आयकर की बात रखी थी, फिर क्राइटेरिया क्यों बताया जा रहा है? मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि 2023 के चुनाव में हमने इस योजना एक तहत लाभ देने का वादा किया था जो पहली किस्त में हमने उन्हें उपलब्ध भी कराया. पूर्ववर्ती सरकार में इन्होंने भी यह वादा किया था वो तो दिखा ही नहीं पर हमने कम समय में इस योजना का लाभ पहुंचाया है. विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि जो महिलाएं 60 साल के ऊपर है और वो हितग्राही हुआ उन्हें पेंशन मिल रहा है तो क्या उसे कटा जा रहा है या 500 रु दी जा रही है? मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें अंतर की राशि दी जा रही है. विधायक पटेल ने पूछा, यह तो आप लोग महिलाओं के साथ धोखा कर रहे हैं. जरूरतमंद महिलाओं को पूरा पैसा नहीं दिया जा रहा है. आप स्पष्ट रूप से घोषणा करें कि उनकी 500 की राशि नहीं काटी जाएगी. मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि आपने 5 साल तो विधवा महिलाओं को 1000 रु नहीं दे पाए. हम तो अब कई बार किस्त दे पाए हैं. सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच घोषणा करने को लेकर तीखी बहस सत्ता पक्ष के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से वॉक आऊट किया.

## सुशांत शुक्ला ने उठाया राशन कार्ड में फर्जीवाड़ा का मुद्दा, मंत्री बघेल ने दिया जांच का निर्देश

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बीजेपी विधायक बेलतरा विधानसभा से भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने राशन कार्ड में बदलाव का मुद्दा उठाया और कार्डों के बारे में जानकारी मांगी। मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि 2022 से 2025 तक एपीएल कार्ड को बीपीएल में नहीं बदला गया। इसके बावजूद, भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि 57 बीपीएल कार्ड ऐसे हैं, जो सक्षम लोगों के हैं और कभी आवेदन नहीं दिया गया था। उन्होंने इस मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और फर्जी कार्ड बनाने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि अगर किसी भी प्रकार का साक्ष्य मिलता है तो जांच कराई जाएगी। उन्होंने बेलतरा विधानसभा में एपीएल से बीपीएल में बदले गए कार्डों की जांच करने की घोषणा की। कांग्रेस विधायकों ने धान खरीदी में अनियमितता का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि कब तक हम झूठे कहलाएंगे? और उन्होंने सदन की समिति से मामले की जांच करने की अपील की। कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने अमानक बारदानों को लेकर कार्रवाई की मांग की। वहीं, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि उन्होंने खुद जाकर इस मामले की जांच की है और सदन को गुमराह किया जा रहा है।

# धनंजय मुंडे ने महाराष्ट्र के मंत्री पद से इस्तीफा दिया




**नई दिल्ली,** 4 मार्च (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे को इस्तीफा देने के लिए कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था। धनंजय मुंडे का इस्तीफा पीए प्रशांत जोशी ने मुख्यमंत्री को सौंपा है।बता दें कि इसकी जानकारी खुद देवेंद्र फडणवीस ने भी दी है। उन्होंने बताया कि धनंजय मुंडे ने इस्तीफा अपना मुझे सौंपा है। उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया है। अब राज्यपाल के पास आगे की कार्रवाई के लिए उनका इस्तीफा भेजा जाएगा। गौरतलब है कि धनंजय मुंडे तब से चर्चा में आ गए हैं जबसे उनके करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड का नाम सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में जुड़ा है। मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को संतोष देशमुख की हत्या के मामले में आरोपी बनाया गया है। वहीं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार की रात को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी। उन्होंने सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में अपराध अन्वेषण विभाग की ओर से आरोपपत्र दायर करने पर चर्चा की थी। इस मामले में ही कराड को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि धनंजय मुंडे बीड जिले के परली से एनसीपी के विधायक हैं। महाराष्ट्र सरकार में उनके पास खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय था। इस पद को संभालने से पहले वो बीड के संरक्षक मंत्री रह चुके है। एनसीपी प्रमुख अजित पवार पुणे के साथ बीड जिले के संरक्षक थे। जानकारी के मुताबिक बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख को नौ दिसंबर 2024 को अगवा किया गया था। देशमुख ने एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश की थी। इस कारण देशमुख को अगवा

## ब्रेकिंग न्यूज

### हर तरफ धूल, खंडहर और मलबे, फिर भी गाजा में मनाया जा रहा रमजान



**नई दिल्ली,** 4 मार्च (न्यूज चैनल)। इज़राइल ने रमज़ान और फसह की अवधि के दौरान गाजा में अस्थायी युद्धविराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ़ के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की। इसके बाद गाजा में थोड़ी शांति देखने को मिल रही है और लोग भय के साये में ही रमज़ान मना रहे हैं। 1 मार्च, शनिवार की शाम को रमज़ान के पहले दिन युद्ध प्रभावित फिलिस्तीनियों के लिए एक साथ उपवास तोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा एक मार्मिक इफ्तार रात्रिभोज का आयोजन किया गया था। इफ्तार की व्यवस्था एक आवासीय क्षेत्र में आयोजित की गई थी जो कभी एक समृद्ध स्थान था लेकिन अब विनाशकारी खंडहरों में पड़ा हुआ है। विनाश के बावजूद, दैनिक जीवन के कुछ पहलू युद्धविराम के तहत वापस लौट रहे हैं। सैकड़ों फिलिस्तीनी रमज़ान के पहले इफ्तार के लिए रफ़ा में एकत्र हुए, और नष्ट हुई इमारतों के खंडहरों के बीच भोजन साझा किया। यह तब हुआ है जब काहिरा में युद्धविराम के दूसरे चरण के लिए बातचीत जारी है, जिसमें इज़राइल, कतर, मिस्र और संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्यस्थ शामिल हैं। जबकि हमास ने सीधे तौर पर भाग नहीं लिया है, उसकी स्थिति मिस्र और कतरी अधिकारियों के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही है।




**चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी गुजरात में शेर के शावक को पुचकारते हुए नजर आए।**

**चुहिया- हां जी, अमेरिका में तो शेर को नहीं पुचकार पाए। शावक को ही पुचकार मन बहला लेते हैं।**

# नक्सलियों ने पूर्व विधायक के रिश्तेदार की बेरहमी से कर दी हत्या



**सुकमा,** 4 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर खूनी खेल खेलते हुए एक ग्रामीण की हत्या कर दी है. घटना चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंटापाड़ की है, जहां नक्सलियों ने 65 वर्षीय कलमू हिड़मा की बेरहमी से हत्या कर दी. मृतक कलमू हिड़मा पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के छोटे ससुर थे. इस हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है.

मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने बीती रात इस वारदात को अंजाम दिया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और जांच में जुट गई है. फिलहाल, ग्रामीण की हत्या किस वजह से की गई है यह स्पष्ट नहीं हो सका है.

# मांदागिरी के जंगल में मुठभेड़, 3 को गोली लगने की संभावना

**धमतरी पुलिस डीआरजी द्वारा नक्सली कैंप को किया गया ध्वस्त**

**धमतरी,** 4 मार्च (हाईवे चैनल)। धमतरी जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत आज को धमतरी जिले के थाना खल्लारी के ग्राम मांदागिरी के जंगल में प्रतिबंधित माओवादी की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी की 25-30 की संख्या में टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।सर्च अभियान के दौरान मांदागिरी के जंगल पहाड़ियों में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में आधे घंटे तक मुठभेड़ हुई जिसमें प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया, जिसके जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी टीम द्वारा भी पेड़ों की आड़ लेकर आत्मसुरक्षार्थ नक्सलियों पर फायरिंग की गई। रुक-रुक कर लगभग आधा घंटे तक पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया जिसमें लगभग दो से तीन नक्सली को गोली लगने की संभावना है।मुठभेड़ पश्चात् घटना स्थल की पुलिस पार्टी डीआरजी द्वारा बारीकी से सघन सर्चिंग की जा रही है। विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जायेगी।

# भूपेश के गढ़ में कांग्रेस को झटका, 8 जनपद सदस्यों ने भाजपा का दामन थामा



**दुर्ग,** 4 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ पंचायत चुनाव के नतीजों के बाद अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर जोड़ तोड़ का खेल चल रहा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पाटन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को फिर बड़ा झटका लगा है. क्योंकि यहां निकाय चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था, जबकि अब पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस अपना अध्यक्ष नहीं बना पाएगी. क्योंकि जनपद पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने बीजेपी का दामन थाम लिया है, जिससे अब जनपद पंचायत में बीजेपी का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है.

जनपद पंचायत के चुनाव में कांग्रेस समर्थित और निर्दलीय आठ जनपद सदस्यों ने बीजेपी का दामन थाम लिया है, बता दें कि पाटन जनपद में हुए पंचायत चुनाव में भाजपा का आंकड़ा अब 18 तक पहुंच गया है, जिसमें 10 बीजेपी समर्थित सदस्य चुनाव जीते थे, लेकिन अब कांग्रेस और निर्दलीय को मिलाकर आठ जनपद सदस्य और बीजेपी की तरफ आ गए हैं. जिससे जनपद पंचायत पाटन में बीजेपी अब आसानी से अपना अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बना पाएगी. पाटन विधानसभा क्षेत्र भूपेश बघेल की गृह विधानसभा है जहां से वह खुद विधायक हैं, ऐसे में यहां कांग्रेस का अध्यक्ष न बन पाना पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है.

# नवापारा-रोड पर भीषण सड़क हादसा, 3 गंभीर रूप से घायल




**रायपुर,** 4 मार्च (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर-नवापारा मार्ग पर सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा ग्राम सुंदरकेरा के पास हुआ, जब युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल नवापारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, तीनों युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। नवापारा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लापरवाह कार चालक को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शेर के शावक को दुलारते दिखे मोदी, गुजरात में वन्यजीव बचाव केंद्र वनतारा का उद्घाटन भी किया



**नई दिल्ली,** 4 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जामनगर में वंतारा पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर थे। वंतारा 2,000 से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से अधिक बचाए गए, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है। पीएम ने वहां पुनर्वासित किए गए जानवरों की विभिन्न प्रजातियों के साथ निकटता से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने वंतारा में वन्यजीव अस्पताल का भी दौरा किया, जिसमें एमआरआई, सीटी स्कैन और आईसीयू सहित विभिन्न सुविधाएं हैं। अस्पताल में वाइल्डलाइफ एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा, आंतरिक चिकित्सा आदि सहित कई विभाग हैं।

मोदी ने अस्पताल में एमआरआई कक्ष का भी दौरा किया और एक एशियाई शेर को एमआरआई कराते हुए देखा। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर का भी दौरा किया जहां राजमार्ग पर एक कार से टकराने के बाद एक तेंदुए की जीवनरक्षक सर्जरी की जा रही थी और बचाव के बाद उसे यहां लाया गया था। प्रधानमंत्री को एशियाई शेर शावकों और सफेद शेर शावकों सहित विभिन्न प्रजातियों को खाना खिलाते और खेलते हुए भी देखा गया। जिस सफेद शेर के शावक को पीएम मोदी ने दूध पिलाया था, उसका जन्म केंद्र में तब हुआ था जब उसकी मां को बचाया गया था और देखभाल के लिए वंतारा लाया गया था। पीएम मोदी शेर के साथ हाई फाइव करते भी नजर आए।